# SAMPLE QUESTIONS

## CLASS – XII

## SUBJECT
## Part – II

# HINDI

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *समकालीन कविता पढ़कर आशयग्रहण करना।*

### प्रश्न

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्रेम परम सुख है
प्रेम परम दुःख भी है
मेरा प्रेम दिक्काल से परे है
सदा ज्वलंत रहे।

*(दिक्काल-दिशा और काल, परे-ऊपर, ज्वलंत-प्रकाशमान)*

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कवि प्रेम को सुख मानते हैं या दुःख? | 1 |
| 2 | कवितांश में प्रेम की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं? | 3 |
| 3 | 'मिलन' कविता के मूल भाव के साथ इस कवितांश की तुलना करके टिप्पणी लिखें। | 7 |

कुल स्कोर : **11**, समय : **20** मिनट।

### मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सही उत्तर (सुख और दुःख) | 1 |
| 2 | कवितांश का आशय ग्रहण कर प्रेम की विशेषताएँ लिखी हैं। | 3 |
| 3 | • दोनों कविताओं का मुख्य भाव लिखा है। | 3 |
| | • मुख्य भावों का विश्लेषण करके तुलनात्मक टिप्पणी लिखी है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *हिंदी और अंग्रेज़ी के पारिभाषिक शब्दों का परिचय पाना।*

### प्रश्न

**पुनर्लेखन करें।**

अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिंदी शब्दों का प्रयोग करके सूचना का पुनर्लेखन करें।

**सूचना**

Transaction केलिए आनेवाले ध्यान दें। Current Account से amount वापस लेने केलिए पहले चेक की पूर्ति करके clerk के पास दें। चेक पर date लिखें और signature करें। कोई शंका होने पर General Manager से संपर्क करें। Senior citizen केलिए प्रत्येक काउंटर सज्जित है।

(महालेखाकार, राशि, राजपत्र, लिपिक, वरिष्ठ नागरिक, संचालन, टंकक महाप्रबंधक, हस्ताक्षर, आरक्षण, तारीख, चालू खाता, रियायत)

कुल स्कोर : **8**, समय : **10** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

- अंग्रेज़ी शब्दों के समानार्थी हिंदी शब्दों का प्रयोग करके सूचना का पुनर्लेखन किया है। $(1 \times 8 = 8)$

Transaction - संचालन; Current Account - चालू खाता; amount - राशि; clerk - लिपिक; date - तारीख; signature - हस्ताक्षर; General Manager - महाप्रबंधक; Senior citizen - वरिष्ठ नागरिक।



## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *खंड पढ़कर आशय ग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।*

## प्रश्न

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक समय की बात है। एक राजा को अपना भविष्य जानने का बड़ा शौक था। वह ज्योतिषियों को अपने दरबार में बुलाता रहता था। उसे सुखद और मनपसंद भविष्यवाणी सुनना ही पसंद था। अगर कोई उसकी बुरी भविष्यवाणी करता तो उसे तुरंत मरवा देता। चालाक ज्योतिषी अच्छी-अच्छी भविष्यवाणी करते और खूब इनाम पाते।

एक दिन कहीं दूर से एक नया ज्योतिषी राजा के दरबार में आया। लेकिन उसे यह पता न था कि राजा मनचाही भविष्यवाणी ही पसंद करता है। नए ज्योतिषी ने कुछ बुरी भविष्यवाणियाँ कर दीं। यह सुनकर राजा क्रोधित हो गया। उसने तुरंत ज्योतिषी को फ़ाँसी

पर लटकाने का मन बना लिया। राजा ने ज्योतिषी से पूछा, 'तुम्हें पता है कि तुम कितने दिन और जीवित रहोगे?'

वह ज्ञानी ज्योतिषी तुरंत अपने ऊपर आया खतरा समझ गया। उसने बड़े विनीत स्वर में कहा, 'हाँ महाराज! मुझे पता है कि मेरा जीवन आपके जीवन से तीन दिन पहले समाप्त हो जाएगा।' राजा उसकी इस हाज़िरजवाबी एवं वाक्पटुता से बड़ा खुश हुआ। राजा ने उसे क्षमा कर दिया और अपने दरबार में रख लिया।

1 राजा को किसका शौक था? 1

2 राजा के चरित्र की विशेषताएँ लिखें। 4

3 राजा ज्योतिषी की हाज़िरजवाबी एवं वाक्पटुता से बड़ा खुश हुआ। उन्होंने ज्योतिषी को क्षमा कर दिया और उसे अपने दरबार में स्थान दिया। ज्योतिषी ने उस दिन की अपनी डायरी में यह घटना लिखी। ज्योतिषी की डायरी का वह पन्ना कल्पना करके लिखें। 7

4 उपर्युक्त घटना का एक तिहाई शब्दों में सार लिखें। 7

कुल स्कोर : **19**, समय : **35** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खंड का आशय ग्रहण कर सही उत्तर लिखा है। (भविष्य जानने का शौक) | 1 |
| 2 | • राजा के चरित्र की विशेषताएँ लिखी हैं। | 2 |
| | • अपने मत का समर्थन किया है। | 2 |
| 3 | • घटना के आधार पर ज्योतिषी की डायरी का पन्ना लिखा है। | 3 |
| | • डायरी की शैली अपनाई है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |
| 4 | • घटना का सार लिखा है। | 3 |
| | • संक्षिप्तता है। | 3 |
| | • उचित शीर्षक दिया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *स्रोत-भाषा से लक्ष्य-भाषा में भाषांतरण करना।*

### प्रश्न

### अनुवाद करें।

निम्नांकित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

Louis Braille was born in 1809, in a small village near Paris. His father often used sharp tools to cut and punch holes in the things he made out of leather. One day while playing with one of these sharp tools, Louis' hand slipped and he poked one of his eyes. A few days later, young Louis lost his sight in both his eyes.

(sharp tools - नुकीले औजार; to punch - छेदना
to slip - फ़िसलना; to poke - चुभना)

1 लूयी ब्राइली किससे खेल रहे थे? 1

2 उनकी आँखें कैसे खराब हुईं? 1

3 उपर्युक्त अंश को ब्राइली की आत्मकथा की शैली में हिंदी में लिखें। 8

**अथवा**

उपर्युक्त खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

कुल स्कोर : **10**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सही उत्तर (नुकीले औजार से) | 1 |
| 2 | सही उत्तर (नुकीला औजार आँख में चुभ गया) | 1 |
| 3 | • खंड को ब्राइली की आत्मकथा के रूप में लिखा है। | 3 |
| | • आत्मकथा की शैली है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 2 |
| 4 | • खंड का हिंदी में भाषांतरण किया है। | 3 |
| | • हिंदी की शैली अपनाई है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 2 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *सूचना के आधार पर विज्ञापन तैयार करना।*

**प्रश्न**

**विज्ञापन तैयार करें।**

अनुपमा चप्पल्स, मुंबई अगले महीने एक नई किस्म का जूता बाज़ार में ला रहा है। तेज़ चाल प्रदान करके पैरों को सुरक्षित रखनेवाले इन जूतों के लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • संकेतों के आधार पर विज्ञापन तैयार किया है। | 3 |
| • आकर्षणीयता है। | 2 |
| • शीर्षक वाक्यांशों (captions) का सही प्रयोग किया है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *सूचना के आधार पर वैयक्तिक पत्र लिखना।*

**प्रश्न**

**पत्र लिखें।**

निम्नांकित समाचार पढ़ें।

> **भारत को स्वर्ण पदक!**
>
> **बेइजिंग**। ओलिंपिक्स में भारत को पहला स्वर्ण पदक मिला। पुरुषों की दस मीटर एयर राइफ़ल प्रतियोगिता में भारत के अभिनव बिंद्रा ने यह पदक जीता है। अठारह वर्षों की लंबी अवधि के बाद भारत को ओलिंपिक्स में स्वर्ण पद मिल रहा है। भारत के लिए यह पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी है। इस विजय पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विपक्षी नेता ने अभिनव बिंद्रा की प्रशंसा की है।
>
> अभिनव बिंद्रा चंडीगढ़ सरिकपुर के बिंद्रा हाउस में पिता डॉ. ए.एस बिंद्रा और माता बब्ली बिंद्रा के साथ रहते हैं। इस विजय पर उनके प्रशिक्षक गुर्मितसिंह सोधी भी संतुष्ट हैं।

ओलिंपिक्स में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए अभिनव बिंद्रा के नाम पत्र लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • समाचार का आशय समझकर पत्र लिखा है। | 3 |
| • पत्र की रूपरेखा का पालन किया है। | 2 |
| • पत्र की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *बिंदुओं को विकसित करके निबंध तैयार करना।*

**प्रश्न**

**निबंध लिखें।**

निम्नांकित बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखें।

- आतंकवाद
- आतंकवादी कौन
- आतंकवाद के परिणाम
- मुंबई में हुए आतंकवादी आक्रमण
- भारतीय सेना का धैर्य
- आतंकवाद के खिलाफ़ हमारी प्रतिज्ञा ..

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखा है। | 3 |
| • विचारों में क्रमबद्धता है। | 2 |
| • निबंध की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *कहानी पढ़कर आशयग्रहण करना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**डायरी लिखें।**

रिज़वान ने कासिम का इंटर्व्यू लिया था। इंटर्व्यू के अनुभवों को रिज़वान ने अपनी डायरी में लिखा। उनकी डायरी का वह पन्ना कल्पना करके लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • कहानी के नियत प्रसंग के आधार पर डायरी लिखी है। | 4 |
| • डायरी की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 2 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *निबंध पढ़कर आशय समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**वार्तालाप तैयार करें।**

लेखक अपनी पत्नी के साथ साड़ी खरीदने दुकान गए। वहाँ पर लेखक, पत्नी और दुकानदार के बीच हुए संभावित वार्तालाप 'प्रतिष्ठा के प्रश्न' निबंध के आधार पर लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर वार्तालाप लिखा है। | 3 |
| • वार्तालाप सूक्ष्म तथा प्रासंगिक हैं। | 2 |
| • वार्तालाप की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *निबंध पढ़कर आशय समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**समाचार तैयार करें।**

छात्र-प्रवेश से संबद्ध जो घटना महाविद्यालय में हुई, उसकी रपट अगले दिन के समाचार पत्रों में आई। 'प्रतिष्ठा का प्रश्न' निबंध के आधार पर वह रपट कल्पना करके लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर रपट तैयार की है। | 3 |
| • रपट की रूपगत विशेषताएँ हैं। | 2 |
| • रपट की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *संस्मरण पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

### प्रश्न

**आत्मकथांश लिखें।**

मान लें, बचपन की निम्नांकित घटनाओं को चीनी भाई ने अपनी आत्मकथा में लिखा। 'वह चीनी भाई' संस्मरण के आधार पर वह आत्मकथांश तैयार करें।

- पिता की मृत्यु
- सौतेली माँ का व्यवहार

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर आत्मकथांश लिखा है। | 3 |
| • विचारों का संयक समावेश है। | 2 |
| • आत्मकथा की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *कहानी पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

### प्रश्न

**वार्तालाप तैयार करें।**

चातक-पुत्र पानी की खोज में गया। कुछ दिन बाद वह कोटर वापस आया। कोटर वापस पहुँचने पर चातक और चातक-पुत्र के बीच हुए वार्तालाप 'कोटर और कुटीर' कहानी के आधार पर लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर वार्तालाप लिखा है। | 3 |
| • वार्तालाप सूक्ष्म तथा प्रासंगिक हैं। | 2 |
| • वार्तालाप की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *कहानी पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**समाचार तैयार करें।**

'कोटर और कुटीर' कहानी के आधार पर निम्नांकित शीर्षक के अनुरूप समाचार तैयार करें।

**बालक की ईमानदारी;**

**महतो का पैसा वापस!**

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर समाचार तैयार किया है। | 3 |
| • समाचार की रूपगत विशेषताएँ हैं। | 2 |
| • समाचार की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *लघुकथा पढ़कर समझना तथा उसका विधांतरण करना।*

**प्रश्न**

**आत्मकथांश लिखें।**

बिट्टो बड़ी हो गई है। वह अपनी आत्मकथा लिख रही है। बचपन में दादी से मिले थप्पड़ उसे आज भी याद है। इस घटना को उसने अपनी आत्मकथा में किसप्रकार लिखा होगा। 'डोमिन काकी' कथा के आधार पर वह आत्मकथांश कल्पना करके लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • नियत प्रसंग के आधार पर आत्मकथांश लिखा है। | 3 |
| • विचारों का संयक समावेश है। | 2 |
| • आत्मकथा की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

❖ *समकालीन कविता पढ़कर आशयग्रहण करना।*

**प्रश्न**

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है
अवनि और अंबर-तल में।

पुलक प्रकट करती है धरती
हरित-तृणों की नोकों से,
मानो झूम रहे हैं तरु भी
मंद पवन के झोंकों से।

1 इस कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें। 1

2 कवितांश में रात्रिकालीन शोभा का कैसा वर्णन किया गया है? 3

3 उपर्युक्त कवितांश और 'आँसू' कविता में प्रकृति का कैसा वर्णन किया गया है? दोनों की तुलना करके टिप्पणी लिखें। 7

कुल स्कोर : **11**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उचित शीर्षक लिखा है। | 1 |
| 2 | कवितांश का आशय ग्रहण कर सही उत्तर लिखा है। | 3 |
| 3 | • दोनों कविताओं वर्णित प्रकृति चित्रण का उल्लेख किया है। | 3 |
| | • दोनों का विश्लेषण करके तुलनात्मक टिप्पणी लिखी है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *समकालीन कविता पढ़कर आशयग्रहण करना।*

### प्रश्न

**आशयग्रहण करें।**

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ज़िंदगी शोरगुल हो गई है
दो पैसे से
दस पैसे तक पहुँचने का पुल हो गई है
और लोग इस पुल पर से यों गुज़रते हुए
कि दो के दस कैसे हो जाए
न दाहिने देखते हैं न बाएँ
न शरम महसूस करते हैं
न अकेलापन।
मन उनका झाँककर नहीं देखता
खून की बह नदी
जिस पर बँध कर
ज़िंदगी शोरगुल हो गई है
दो पैसे से दस पैसे तक
पहुँचने का पुल हो गई है। *(भवानीप्रसाद मिश्र)*

1 इस कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें। 1

2 कवितांश में किसप्रकार के मनुष्य का वर्णन किया गया है? 3

3 'एक आदमी जगंल में' कविता के मूल भाव के साथ इस कवितांश की तुलना करके टिप्पणी लिखें। 7

कुल स्कोर : **11**, समय : **20** मिनट।

## मूल्यांकन सूचक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उचित शीर्षक लिखा है। | 1 |
| 2 | कवितांश का आशय ग्रहण कर सही उत्तर लिखा है। | 3 |
| 3 | • दोनों कविताओं वर्णित मनुष्य के चरित्र का उल्लेख किया है। | 3 |
| | • दोनों कविताओं का विश्लेषण करके तुलनात्मक टिप्पणी लिखी है। | 3 |
| | • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *सूचना के आधार पर विज्ञापन तैयार करना।*

**प्रश्न**

**विज्ञापन तैयार करें।**

टाटा मोटर्स ने एक नई कार तैयार की है। पेट्रोल से चलनेवाली मशीन लगी हुई इस कार की मैलेज 30 किलोमीटर प्रति लिटर है। उच्चतम रफ़्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटा। अन्य अनेक सुविधाएँ भी हैं। इस कार के लिए एक विज्ञापन तैयार करें। *(रफ़्तार-speed)*

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • संकेतों के आधार पर विज्ञापन तैयार किया है। | 3 |
| • आकर्षणीयता है। | 2 |
| • शीर्षक वाक्यांशों (captions) का सही प्रयोग किया है। | 2 |
| • अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |

## पाठ्यचर्या उद्देश्य

- *सूचना के आधार पर वैयक्तिक पत्र लिखना।*

**प्रश्न**

**पत्र लिखें।**

मान लें, आप की सहेली सनूजा किसी रियालिटी शो में प्रथम आई है। उसका अभिनंदन करते हुए पत्र लिखें।

कुल स्कोर : **8**, समय : **15** मिनट।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • सूचना का आशय समझकर पत्र लिखा है। | 3 |
| • पत्र की रूपरेखा का पालन किया है। | 2 |
| • पत्र की शैली अपनाई है। | 2 |
| • शुद्ध भाषा का प्रयोग किया है। | 1 |